दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 244
मुरादाबाद
(Friday)
26 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी बोले- गर्व है कि हमने धारा 370 हटाई, सपा-कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले भाजपा को अछूत माना गया। जबकि हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित किया। हमारे संस्कार किसी का अपमान करने के नहीं हैं।

हमने सभी को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज यूपी की पहचान बदल रही है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले देश की हर योजना में, किताबों में और हर शहर में एक ही परिवार का गौरवगान किया जाता था। हर अच्छे काम को एक ही परिवार से जोड़ने की सोच रही। सड़क हो या मूर्तियां एक ही परिवार के लोगों की थीं। भाजपा ने देश को एक परिवार पर केंद्रित राजनीति से बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाएं अब कई जगहों पर लगी हुई हैं। दिल्ली के शाही परिवार ने आंबेडकर के योगदान को मिटाने का पाप किया। यही काम प्रदेश में सपा ने भी किया। उन्होंने भी विरासत को मिटाने का काम किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अटल जी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा। दशकों तक देश में गरीबी हटाने को ही सुशासन मान लिया गया था। देश में टेलीकॉम सेक्टर के विकास में अटल जी की नीतियां काम आई हैं। अटल जी की सरकार में ही गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। इसके बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देश के गांवों में आठ लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ। बीते 11 साल में चार लाख किलोमीटर सड़कों का ग्रामीण क्षेत्रों का निर्माण हुआ।

पूरे देश में एक्सप्रेसवे बनाने का काम चल रहा है। यूपी एक्सप्रेसवे बनाने में नाम कमा रहा है। अटल जी ने ही दिल्ली में मेट्रो की शुरूआत की। मेट्रो नेटवर्क ने लोगों की जिंदगी आसान बना रही है।पीएम मोदी ने जनसंघ नेता दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। आज देश के करोड़ों नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यही तो सच्चा सेकुलरिज्म है। देश के हर नागरिक को सम्मान मिल रहा है। बीते एक दशक में करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया है।लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लखनऊ को एक नया प्रेरणा स्थल प्राप्त हुआ है। यह हमारे लिए आत्मसम्मान, गौरव और सेवा का प्रतीक है।

यह राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम हर प्रयास राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित है। सबका प्रयास ही विकसित भारत का निर्माण करेगा। मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश और पूरे देश को राष्ट्र प्रेरणा स्थल की बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेंगे। मुझे खुशी है कि भाजपा सरकार को जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का सौभाग्य मिला और डॉ. मुखर्जी का सपना साकार हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों की वजह से महंगाई दर कम हो रही है। इसी के साथ-साथ विकास दर आठ फीसदी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज मजबूत हुई है। अब भारत कुछ बोलता है तो पूरा विश्व ध्यान से सुनता है कि भारत कह क्या रहा है। पूरे विश्व में भारत की छवि बेहतर हुई है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखनऊ के सांसद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश को गौरव दिलाने का काम पीएम मोदी कर रहे हैं। उन्होंने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी देखरेख में इतना भव्य प्रेरणा स्थल बनकर तैयार हुआ है। राज्य और केंद्र सरकारें लगातार देश की आम जनता की बेहतरी के काम कर रही हैं। इसी के साथ-साथ वह अतीत में हुए अपने राष्ट्र नायकों को सम्मान भी दे रही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न देकर इस सरकार ने उन्हें सम्मानित किया है। यह शहर अपने देश की विभूतियों को उनका गौरव और सम्मान देता है।राम चंद्र भगवान और भारत माता के जयकारों के सीएम योगी ने अपना अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने पीएम का अभिनंदन किया। सीएम ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के देश के प्रति योगादानों को याद किया। सीएम ने कहा कि हम सबकी प्रेरणा के रूप में ये राष्ट्र नायक हमारा सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कहा था कि अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा की बात कही थी। अब वही होते हुए देख रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

बरेली-बांदीकुई पैसेंजर का फिर होगा नियमित संचालन, रेलवे ने जारी की समय सारिणी

बरेली से वाया चंदौसी-अलीगढ़ ब्रांच लाइन से गुजरने वाली बरेली-बांदीकुई पैसेंजर का संचालन फिर किया जाएगा। रेलवे ने इसकी समय सारिणी जारी कर दी है। इसके संचालन से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। कोरोना काल के दौरान मार्च 2020 में बंद की गई 54461-62 बरेली-बांदीकुई पैसेंजर का फिर नियमित संचालन शुरू किया जाएगा। बरेली से वाया चंदौसी-अलीगढ़ ब्रांच लाइन से गुजरने वाली इस गाड़ी के नियमित संचालन की काफी समय से मांग की जा रही थी। रेलवे ने गाड़ी के नियमित संचालन की समय सारिणी तो जारी कर दी है, लेकिन अभी तारीख तय नहीं की है। बरेली-बांदीकुई पैसेंजर 418 किलोमीटर की दूरी 15 घंटे 30 मिनट में तय करेगी। यह गाड़ी रास्ते के 55 स्टेशनों पर ठहराव लेगी। समय सारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। यह अनारक्षित गाड़ी है और सप्ताह में प्रतिदिन संचालित की जाएगी। जारी समय सारिणी के अनुसार गाड़ी के नंबर में बदलाव किया गया है। 54356 बरेली-बांदीकुई पैसेंजर रात 6.01 बजे बरेली से चलने के बाद चंदौसी, अलीगढ़, मिथावली, एत्मादपुर होते हुए अगले दिन सुबह 5:45 बजे बांदीकुई पहुंचेगी। वापसी में 54355 बांदीकुई-बरेली पैसेंजर दोपहर 2:50 बजे बांदीकुई से चलने के बाद अगले दिन सुबह 6:20 बजे बरेली आएगी। बांदीकुई स्टेशन पर तीन जोड़ी गाड़ियों का ठहरावरेलवे ने बरेली होकर गुजरने वाली 15715/16 अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेसै।

आकाश आनंद को पिता बनने पर मायावती ने दी बधाई, बेटी को बहुजन मिशन के लिए तैयार करने की इच्छा का किया स्वागत

बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के पिता बनने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी और उनकी इच्छा का स्वागत किया है।बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद को पिता बनने पर बधाई दी है और कहा कि परिवार में नए सदस्य के आगमन पर सभी खुश हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी ज्यादा खुशी की बात है कि आकाश ने बेटी को बहुजन मिशन के लिए तैयार करने की इच्छा जताई है जो कि खुशी की बात है।उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द को पुत्री के रूप में परिवार में नई सदस्य की प्राप्ति पर सभी लोगों में खुशी की लहर है तथा उनके लिये इससे भी ज्यादा हर्ष व गौरव की बात यह है कि आकाश ने अपनी बेटी को माननीय बहनजी की तरह ही बहुजन समाज के मिशन के प्रति समर्पित करने के लिये तैयार करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका भरपूर स्वागत। मां और बेटी दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं।बता दें कि आकाश आनंद को बसपा का उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। वो लगातार पार्टी के विस्तार के लिए काम कर रहे हैं।

अरावली पर कितना खतराः कांग्रेस बोली- नई परिभाषा के बाद खतरे में 90% हिस्सा, संरक्षण को लेकर सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पहाड़ियों की नई परिभाषा से अरावली क्षेत्र का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संरक्षण से बाहर हो जाएगा, जिससे खनन और अन्य गतिविधियों का खतरा बढ़ेगा। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पहाड़ियों की नई परिभाषा के तहत अरावली पर्वत श्रृंखला का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगा। इससे यहां खनन और अन्य गतिविधियों का रास्ता साफ हो सकता है।कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर पीएम मोदी की %वैश्विक मंचों पर बड़ी बातें% और %जमीनी स्तर पर कार्रवाई% के बीच कोई तालमेल नहीं है। क्या है नई परिभाषा?- नई परिभाषा के अनुसार अरावली पहाड़ी एक ऐसी भू-आकृति है जिसकी ऊंचाई उसके आसपास के भूभाग से कम से कम 100 मीटर अधिक हो और अरावली पर्वतमाला एक दूसरे से 500 मीटर के भीतर स्थित ऐसी दो या दो से अधिक पहाड़ियों का समूह है।

रमेश ने सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप - रमेश ने कहा कि मोदी सरकार अब केवल उन्हीं अरावली पहाड़ियों की रक्षा करने जा रही है, जिनकी ऊंचाई 100 मीटर से अधिक है। भारतीय वन सर्वेक्षण के प्रामाणिक आंकड़ों के अनुसार, अरावली पहाड़ियों का केवल 8.7 प्रतिशत हिस्सा ही 100 मीटर से अधिक ऊंचा है। पूर्व पर्यावरण मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अरावली पर्वतमाला के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से को नई पुनर्परिभाषा द्वारा संरक्षित नहीं किया जाएगा और इसे खनन, रियल एस्टेट और अन्य गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है जो पहले से ही तबाह हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक नुकसान पहुंचाएंगे। इस स्पष्ट और सरल सत्य को छिपाया नहीं जा सकता। रमेश ने कहा कि यह मोदी सरकार द्वारा पारिस्थितिक संतुलन पर किए जा रहे सुनियोजित हमले का एक और उदाहरण है, जिसमें प्रदूषण मानकों में ढील देना, पर्यावरण और वन कानूनों को कमजोर करना, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण और पर्यावरण प्रशासन की अन्य संस्थाओं को शक्तिहीन करना शामिल है। विवाद के बाद सरकार ने राज्यों को किए निर्देश जारी - अरावली पर्वतमाला की पुनर्परिभाषा को लेकर हुए विवाद के बाद, केंद्र ने बुधवार को राज्यों को निर्देश जारी कर पर्वत श्रृंखला के भीतर नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा है। पर्यावरण व वन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों और जोन की पहचान करने का निर्देश दिया है, जहां केंद्र द्वारा पहले से ही खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

ओडिशा में 1.1 करोड़ के इनामी गणेश उइके समेत छह नक्सली ढेर;गृह मंत्री बोले- बड़ी सफलता

ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सीपीआई (माओवादी) का शीर्ष नेता गणेश उइके समेत छह नक्सली मारे गए हैं। यह मुठभेड़ चकापाद थाना क्षेत्र के घने जंगलों में हुई। उइके पर 1.1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के निशाने पर था।ओडिशा के कंधमाल जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके समेत छह नक्सली मारे गए। राज्य में नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि, यह मुठभेड़ चकापाद पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घने जंगलों में हुई। नक्सली पर था 1.1 करोड़ इनाम- मारा गया गणेश उइके (69 वर्ष) सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और ओडिशा में इस प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था, जिस पर प्रशासन ने 1.1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मूल रूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला उइके, पक्का हनुमंतु और राजेश तिवारी जैसे कई नामों से भी जाना जाता था। सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी उपलब्धि-पुलिस ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में गणेश उइके के अलावा पांच अन्य नक्सली भी मारे गए हैं, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। फिलहाल अन्य नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। सुरक्षा बलों के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है क्योंकि उइके लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था और क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों मे शामिल था। फिलहाल इलाके में अभी भी तलाश अभियान जारी है।गृह मंत्री ने क्या कहा?- सुरक्षा बलों की सफलता पर गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा गया नक्सल मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि। ओडिशा के कंढमाल में चलाए गए एक बड़े अभियान में केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके समेत छह नक्सलियों को मार गिराया गया है।

इस बड़ी सफलता के साथ, ओडिशा नक्सलवाद से पूर्णत: मुक्त होने के कगार पर है। हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

संपादकीय Editorial

The Patches of the Mandi Four-Lane

Himachal politics may have established strongholds, but the hijacking of willpower has become a permanent misfortune. Whether you try to appease your family or convince your neighbors, the winds will lash every rooftop. Is the conflict between the state and the center, or is it the desire for power that comes to fruition in the electoral game? The Himachal government chose tourism as its capital, and the airport was overjoyed with road transport and air services. Surprisingly, the Kangra Airport expansion is facing a backlash over the disappearance of files in the trunk and the heat of the four-lane project's implementation. We're not saying that travel won't be easy one day, but the locks are silent on the need of the hour. In the ambitious Kangra Airport expansion project, who is marking whose side of the border? They set out to form convoys but forgot the routes. If the airport is a symbol of self-reliance, then who will win by tossing the coin of the center versus Himachal within it? The bad news is that many loopholes remain in the four-lane project's progress. When will the four-lane project depart from Shimla, will it fully open in Kangra, or why is the Kangra journey stuck at the junction of Pathankot and Mandi? The four-lane road between Rajol and Thanpuri has grown so long that the project itself doesn't know when the curtain will be lifted. This means that the four-lane promises between Rajol and Thanpuri, and then Paraur and Padhar, are drowning in uncertainty. If these two sections don't converge, the tourist belt that the Himachal government aspires to turn into its capital will lose all its luster. Is it the desperation or the mere execution of projects that turns every dream and possibility into a mere sandcastle? Mataur Chowk is a graveyard of transportation, where hours of death pass by every day. Where travel mourns its tragedy, and the ugly truth of traffic jams, like witches, comes daily to haunt us. In such a situation, buses laden with tourists lament their helplessness, or the vigilant police are left with no choice or solution. If cities like Kangra, Dharamshala, or Palampur are supposed to be the tourism capital, Gadkari's Surface Roads Ministry is dividing them instead of connecting them. Meanwhile, even when Congress tried to pressure Priyanka Gandhi in Parliament, she remained focused on the Parwanoo-Shimla four-lane road, concerned about the well-being of her family. Anurag also came, but left after inquiring about cricket. In Palampur, where former Chief Minister Shanta Kumar wants to establish a political base for the BJP before the elections, the narrow road from Paraur to Padhar is a curse on his own central government. When will this four-lane project reach the hearts of the people, and when will Shanta's political hunger shift from her rhetoric to this road? Ultimately, these complaints will surround the local BJP leaders. Is Kangra's status weak, or is this simply a void in the minds of its leaders? Surprisingly, those who have formed state governments and repeatedly brought glory to the BJP seem to lack Kangra's share in central government projects. Questions about the four-lane project emerging between Rajol and Thanpuri and Paraur and Padhar will be addressed to Shanta, Jairam, MP Rajiv Bhardwaj, Anurag Thakur, and all the BJP leaders from Mandi and Kangra. Despite the state government's critical stance, the BJP appears unimpressed by the state and intent of the Kangra-Mandi four-lane project.

Replacing MNREGA was necessary, Ji Ram Ji, change is the law of life.

The Ji Ram Ji Act demonstrates our commitment to elevate employment and rural development to new heights by expanding the employment guarantee, strengthening financial discipline, ensuring faster payments, integrating work with agricultural cycles, and shifting the focus from short-term relief to sustainable rural development. The Ji Ram Ji Act will replace MNREGA, guaranteeing 125 days of employment. Emphasis is placed on building durable assets. According to Indian philosophy, change is the only constant. Famous American President John F. Kennedy also said, "Change is the law of life. Those who look only to the past or the present are sure to miss the future." Keeping in mind the needs, aspirations, and goals of a developed India in the rapidly changing 21st century, the Modi government has enacted the "Developed India: Ji Ram Ji-2025" (Developed India Guarantee for Employment and Livelihoods Mission, Rural). Every long-term policy needs to be reviewed and evaluated every 15-20 years. In this time, families, society, and the country witness the transformation of an entire generation. Each new generation brings with it new needs and aspirations. Current Indian society embraces millennials, Gen Z, and Gen Alpha. In the past 15 years, we have transitioned from a pen-and-paper world to the digital age and AI. Adapting old long-term plans to the new, modern environment is essential. For these reasons, the Modi government introduced the "VB: Ji Ram Ji" law, replacing the "NREGA" (renamed "MNREGA" in 2009), which had been in effect since 2005. Since independence, various schemes have been modified to meet changing needs. In the 1960s, the then government initiated rural employment schemes and implemented the "Rural Manpower Programme." Various governments have periodically revised these schemes to meet the demands of the times. As a result, the National Rural Employment Program, the Rural Landless Employment Guarantee Program (Jawahar Rozgar Yojana, 1993), the Sampoorna Grameen Rozgar Yojana, and the Employment Assurance Scheme were implemented in the country. The National Rural Employment Guarantee Act (NREGA) was launched in 2005. In 2009, Mahatma Gandhi's name was added to it, changing it from "NREGA" to "MNREGA." In the new and rapidly changing economic, social, and technological landscape, MNREGA was failing to prove itself effective. Corruption was rampant within it. Furthermore, MNREGA was limited to a welfare and poverty alleviation law, while today's rural youth are determined to realize the dream of a "Developed India 2047." The G Ramji Bill was introduced with all this in mind. The G Ramji Act's most significant feature is its coordination with agricultural cycles and guarantees increased employment. While MNREGA only guaranteed 100 days of wages, the G Ram Ji Act guarantees rural families 125 days of employment instead of 100. Furthermore, to ensure coordination between workers and farmers, workers are provided with 60 days of leave during harvest and sowing, ensuring they also receive agricultural employment. This, combined with agricultural employment, allows workers to obtain a total of 185 days of employment. MNREGA has been criticized for being limited to short-term relief or the creation of less durable assets. Programs without established standards have led to the misuse of resources, preventing the expected benefits and rural development. More than ?10 lakh crore has been spent on MNREGA so far, but the infrastructure remains unseen. Addressing this shortcoming, the G Ram Ji Act emphasizes the creation of durable assets to ensure sustainable development. Four distinct categories of work have been identified: water conservation, infrastructure, livelihoods, and natural disaster relief. The new law limits expenditures to 50 percent instead of 40 percent for construction materials. These decisions will be decided not by those in Delhi, but by a "Gram Samiti" at the local level. Delays in wage payments were a major problem under MNREGA, causing distress to the working class. Under G Ram Ji, weekly or fortnightly wage payments will be mandatory. Digital wage payments will eliminate the possibility of corruption. There have been numerous media reports that contractors in some states were benefited by MNREGA. G Ram Ji provides for biometric attendance, geo-tagging of assets, and the use of a real-time dashboard. This will certainly reduce corruption and fake beneficiaries. Furthermore, like MNREGA, G Ram Ji also continues the unemployment allowance provisions for workers who do not find work on time and balances rights-based entitlements with administrative efficiency. Another shortcoming of MNREGA was the relatively poor coordination between the central and state governments and the lack of accountability among the states. In the new scheme, the central government will contribute 90 percent of the budget in hilly and northeastern states, while states will contribute only 10 percent. The central government will contribute 60 percent to the remaining states. According to political-psychological assessments, when one's own money is invested, the quality of work is certainly improved. Part of the opposition's protest is the question of why the new law is named after "Ram." There's a tradition in the country of naming new schemes and programs. The name "Ramji" doesn't disrespect Gandhiji. Because the new name itself is based on Lord Ram, Gandhi's idol. The Ramji law demonstrates our resolve to take employment and rural development to new heights by expanding employment guarantees, strengthening financial discipline, ensuring faster payments, aligning work with agricultural cycles, and shifting the focus from short-term relief to sustainable rural development.

In a society that embraces distortions, newlyweds face dowry harassment.

Not only should the effective appointment of dowry prohibition officers be ensured in all states, but they should also be sensitized by widely disseminating information such as their names, phone numbers, and email addresses at the local level. Women and child welfare officers, as well as police and judicial officers, should be trained to comprehensively understand the socio-psychological aspects of dowry deaths and cruelty cases and to distinguish between genuine cases and those that are false or exploitative. It is said that social evils have no religion and violence has no caste. These statements were proven true again when the Supreme Court recently demonstrated sensitivity and attempted to bridge the deep gap between constitutional equality and social inequality. In its recent decision in Ajmal Beg v. State of Uttar Pradesh, the Supreme Court made it clear that social problems never end; rather, they are obscured by the dust of time, and we often get caught up in discussing other issues, considering them contemporary and pressing. The Dowry Prohibition Act came into force in 1961 after a long struggle, and the crime of dowry death was included in the Indian Penal Code 25 years later (in 1986). In recent times, discussions about the misuse of the Dowry Prohibition Act by some women have gained so much momentum that we have forgotten that even today, newlyweds face dowry harassment. In this case, the Court, on the one hand, referred to the tradition of marrying into families of higher status than one's own, and on the other, sought to highlight that young women often pay the price with their lives. The court also stated that the burning of a woman to death in a Muslim community where dowry is not a norm, and where the practice of "mehr" is prevalent, proves that our society is one that embraces distortions. We constantly deviate from ideals. Evidence of the lack of equality in legal provisions and social thinking is evident every time. When the country's lawmakers believed that if we recognized women as equals from birth and made them equal partners in ancestral property, the dowry problem would automatically disappear, this did not happen. To preserve family ties, women are forced to give affidavits stating that they will not demand their rights to ancestral property, or, if they do, their families will voluntarily refuse to grant them this right, and they will have to fight for their rights all the way to the Supreme Court. Society is still unwilling to grant full equality to half the population. Therefore, dowry demands persist, and cases of murder of newlyweds also occur. Society doesn't stop there; when a woman conceives, in many homes, her relatives hope that the child will be a son. While a daughter is still accepted as the first child, the search for a second child begins, often leading to the misuse of laws, which often leads to female foeticide. Perhaps this is why the World Economic Organization has estimated that full gender equality will only be achieved globally by 2150, meaning it will take another 125 years. Will newlywed women continue to be harassed and daughters killed in the womb until then? Even if parents struggle with society and give birth to daughters, will they again fall victim to the horrors of dowry? The Dowry Prohibition Act is a secular act and applies to people of all faiths. This is why the Supreme Court's decision in the Ajmal Beg case has issued several guidelines simultaneously. For example, changes should be made to the school curriculum to eliminate gender stereotypes. From the outset, the message should be conveyed that both parties in a marriage are equal and no one is subservient to the other. Unless this spirit of constitutional equality is translated into social equality, we will not be able to achieve complete justice. Not only should the effective appointment of dowry prohibition officers be ensured in all states, but they should also be sensitized by widely disseminating information such as their names, phone numbers, and email addresses at the local level. Women and child welfare officers, as well as police and judicial officers, should be trained to comprehensively understand the socio-psychological aspects of dowry deaths and cruelty cases and to distinguish between genuine cases and those that are false or exploitative. For this reason, all High Courts have also been directed to review pending cases related to dowry deaths and dowry harassment and take effective steps to expedite their disposal. This means that every family in society should educate their children, provide them with training to make them self-reliant, and lay the foundation for relationships like marriage, anchored in a strong fabric of equality, so that society as a whole receives the message that marriage is a social institution and motherhood a social responsibility. A household cannot run on one wheel; rather, each individual has to fulfill their responsibilities. A well-organized society resides within a well-organized family.

ग्राइंडर से पति के शव के टुकड़े करने का कोई पछतावा नहीं, रूबी ने जेल में किया ये काम; चिंतित दिखा प्रेमी

यूपी के संभल जिले में राहुल हत्याकांड में उसकी पत्नी रुबी और उसका प्रेमी गौरव मुरादाबाद जेल में बंद हैं। रूबी को ग्राइंडर से पति के शव के टुकड़े करना का कोई पछतावा नहीं है। हालांकि प्रेमी गौरव चिंतित दिख रहा है। वह जेल में पूछ रहा कैसे जमानत होगी?संभल के चंदौसी में प्रेमी गौरव के साथ मिलकर पति राहुल की हत्या कर ग्राइंडर से लाश के टुकड़े करने की आरोपी रूबी सलाखों के पीछे तो पहुंच गई लेकिन उसके चेहरे पर न शिकन है और न ही कोई पछतावा दिखा। सूत्रों के मुताबिक, वह मुरादाबाद जेल में पहले दिन सामान्य महिला बंदियों की तरह रही और भर पेट खाना भी खाया और भरपूर नींद ली। हालांकि जेल प्रशासन की ओर से उस पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। चंदौसी में पतरौआ रोड पर ईदगाह के पास नाले से 15 दिसंबर को पुलिस को एक धड़ मिला था। कंधे के पास राहुल लिखा था। पुलिस ने संभल समेत आस पड़ोस के जिलों में राहल नाम के लापता युवकों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की तब पता चला कि चंदौसी के मोहल्ला चुन्नी निवासी महिला रूबी ने अपने पति राहुल की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी।उसका पति राहुल 18 नवंबर से लापता था। पुलिस ने रूबी की निगरानी बढ़ा दी। इसी बीच पता चला कि रूबी और गौरव के बीच प्रेम संबंध है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की उन्होंने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने ही राहुल की हत्या कर ग्राइंडर से लाश के टुकड़े करने के बाद फेंके थे।सोमवार को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को मुरादाबाद जिला जेल भेज दिया गया। रूबी को महिला बैरक में रखा गया है। जेल में आने के बाद भी रूबी के तेवर कम नहीं हुए हैं। पहले दिन से ही सामान्य महिला बंदियों की तरह रह रही है।वह भरपेट खाना खा रही है और पूरी नींद ले रही है। हालांकि बंदी गौरव जमानत को लेकर चिंता में है। वह बार-बार अन्य बंदियों से बोल रहा है कि कैसे जमानत होगी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह का कहना है कि बंदी रूबी सामान्य महिला बंदियों की तरह रह रही है।कलंकित किया मामा जैसा पवित्र शब्द रूबी और उसके प्रेमी ने ऐसी साजिश रची थी कि कोई शक न कर सके। समाज के सामने दोनों एक दूसरे को भाई-बहन बताते थे। बच्चे उसे मामा कहते थे, लेकिन जब सच सामने आया तो सभी दंग रह गए। शहर में रहकर जूतों का काम करने वाला राहुल, पत्नी रूबी और दो बच्चों के साथ चुन्नी मोहल्ले में रहता था।

पड़ोस में ही रहने वाले गौरव की नजदीकी राहुल से हुई तो उसका घर में आना जाना हो गया। नैनीताल घूमने के दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ीं। पिछले महीने जब राहुल दो दिन तक नजर नहीं आया तो उसके दोनों बच्चों ने मां से पूछा था।गौरव से भी पूछा लेकिन दोनों ने जानकारी से इन्कार किया था। पुलिस द्वारा राहुल हत्याकांड का खुलासा करते हुए रूबी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया तो बच्चों में मां और कथित मामा के खिलाफ नफरत के साथ ही भय पैदा हो गया।इस तरह हत्यारों तक पहुंची पुलिस- कहते हैं कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो अपराध करते समय कोई न कोई चूक कर ही देता है। ऐसा ही रूबी और उसके प्रेमी गौरव से भी हुआ।

पहली चूक यह हुई कि शव के कंधे के पास राहुल का नाम लिखा रह गया। इसी से शव की पहचान हुई।इसके अलावा नाले से बरामद धड़ पर जो टीशर्ट थी, उसी टीशर्ट में राहुल का खींचा गया फोटो रूबी के मोबाइल में मिला। इसके बाद जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो रूबी 7 टूट गई और सच उगल दिया।

मुरादाबाद में सर्वाधिक प्रसूताओं की मौतें, कारण अत्यधिक रक्तस्राव, रामपुर-बिजनौर के यह हैं आंकड़े

अप्रैल से नवंबर के बीच मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों में 99 प्रसूताओं की जान चली गई। सबसे अधिक 26 मौतें मुरादाबाद में दर्ज की गईं। इसके बाद रामपुर में 23, बिजनौर में 22, अमरोहा में 16 और संभल में 12 मामले सामने आए।प्रसूताओं की मौत के मामले में मुरादाबाद की स्थिति मंडल के अन्य जिलों से खराब है। मातृ मृत्यु निगरानी रिपोर्ट के मुताबिक मंडल के पांच जिलों में अप्रैल से नवंबर 2025 तक कुल 99 माताओं की मौत हुई है। मुरादाबाद में सर्वाधिक 26 महिलाओं ने दम तोड़ा है।रिपोर्ट के अनुसार रामपुर में 23, बिजनौर में 22, अमरोहा में 16 और संभल में 12 मामले मातृ मृत्यु के सामने आए हैं। आंकड़ों के अनुसार अधिकांश मातृ मृत्यु निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हुई हैं। मंडल स्तर पर 46 मौतें निजी अस्पतालों में, 32 मौतें इलाज के दौरान ट्रांजिट (एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाते समय) हुईं।15 मौतें घर पर हुईं और छह मौतें सरकारी अस्पतालों में दर्ज की गई हैं।

विभागीय जानकारों का कहना है कि गंभीर जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, बेहतर रेफरल व्यवस्था और उपचार सुविधाओं को और मजबूत करने से मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि प्रदेश में मातृ मृत्यु दर के सापेक्ष मुरादाबाद की स्थिति ठीक है। समुदाय आधारित मातृ मृत्यु समीक्षा में कुल 99 मामलों में से 95 की समीक्षा पूरी कर ली गई है। इससे मंडल का औसत समीक्षा प्रतिशत 95.96 प्रतिशत रहा है। अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर और संभल जिलों में 100 प्रतिशत मामलों की समीक्षा पूरी कर ली गई, जबकि बिजनौर में यह आंकड़ा 81.82 प्रतिशत रहा। जिलों के डीएम और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी मामलों की समीक्षा की है। अत्यधिक रक्तस्राव सबसे ज्यादा मौतों का कारण - स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और संभल जिलों में मातृ मृत्यु के प्रमुख कारण सामने आए हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव (पीपीएच) रहा है। मुरादाबाद जिले में 26 मातृ मौतों में से पीपीएच के 13 मामले सामने आए। जबकि हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, हाइपरटेंशन और एक्लेम्पसिया जैसे कारणों से भी महिलाओं ने जान गंवाई। रामपुर जिले में भी पीपीएच सबसे बड़ा कारण रहा। इसके अलावा एपीएच, कार्डियक अरेस्ट, कार्डियोजेनिक शॉक, हाइपरटेंशन, सेप्टिक शॉक और गंभीर एनीमिया मौत की वजह बने। बिजनौर के मामलों में पीपीएच, एपीएच, हार्ट अटैक, हाई फीवर, हाइपरटेंशन और ब्रेन कैंसर जैसे कारण शामिल हैं। अमरोहा में पीपीएच के अलावा हार्ट अटैक, सेप्सिस, सेप्टीसीमिया और अन्य कारण पाए गए।

संभल में पीपीएच के पांच, किडनी फेल्योर के दो, हाइपोवोलीमिया, लीवर सिरोसिस के साथ एनीमिया, एक्यूट रीनल फेल्योर, प्रसव में रुकावट और सेप्सिस का एक-एक कारण सामने आया। प्रदेश के ग्राफ की तुलना में मातृ मृत्यु के मामले मुरादाबाद में काफी कम हैं। हमारे जिले की स्थिति इस मामले में ठीक है। हमारी कोशिश है कि जो मामले सामने आए हैं, उनमें भी लगातार कमी लाई जाए। - डॉ. संजीव बेलवाल, डिप्टी सीएमओ

पीतलनगरी से ही पीतल गायब, निर्यात को एल्युमिनियम और लोहे का सहारा, 10 हजार करोड़ का होता है कारोबार

पीतल के दाम लगातार बढ़ने से मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग पर असर पड़ा है। निर्यातक अब लागत घटाने के लिए हस्तशिल्प उत्पादों में एल्युमिनियम और लोहे का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके चलते मिश्रित धातुओं, कांच और लकड़ी से बने उत्पादों का चलन बढ़ा है।पीतल के बढ़ते दाम की वजह से धीरे-धीरे इससे बनने वाले हस्तशिल्प उत्पादों का रंग फीका पड़ने लगा है। इसके स्थान पर एल्युमिनियम और लोहे का इस्तेमाल ज्यादा होने लगा है। निर्यातक हस्तशिल्प उत्पाद में 40 प्रतिशत एल्युमिनियम व 40 प्रतिशत लोहे का उपयोग कर रहे हैं। उत्पादों में पीतल की मात्रा 10 प्रतिशत ही बची है। प्रदेश में हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात मुरादाबाद से सबसे ज्यादा किया जाता है।देश में मुरादाबाद पीतलनगरी के नाम से जाना जाता है लेकिन दाम बढ़ने की वजह से पीतल के हस्तशिल्प उत्पाद खत्म होते जा रहे हैं। शहर की दिल्ली रोड, एसईजेड समेत अन्य जगहों के तमाम निर्यातक हस्तशिल्प उत्पादों में एल्युमिनियम और लोहे का इस्तेमाल अधिक करने लगे हैं क्योंकि पीतल की अपेक्षा लोहा और एल्युमिनियम का उत्पाद सस्ता पड़ रहा है।इसके साथ ही कांच व लकड़ी से बने मिश्रित उत्पाद भी ज्यादा बनाए जा रहे हैं। जिले से अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस समेत अन्य देशों में हस्तशिल्प उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। निर्यातकों का कहना है कि एक साल पहले पीतल का दाम 500 रुपये प्रति किलो था लेकिन अब इसकी कीमत 640 से 700 रुपये प्रति किलो हो गई है।

पीतल के दाम में करीब 150 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं एक साल पहले एल्युमिनियम की कीमत 190 रुपये थी लेकिन इस समय इसकी कीमत 230 से 250 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एल्युमिनियम का दाम भी 100 रुपये से अधिक बढ़ा है।

इसकी वजह से हस्तशिल्प उत्पादों की लागत निकालना मुश्किल हो जा रहा है जबकि लोहे के दाम कोई उतार-चढ़ाव नहीं है। इसलिए पीतल की अपेक्षा एल्युमिनियम और लोहे के हस्तशिल्प उत्पाद की बिक्री बढ़ी है।

पूजा के आइटम ही बनाए जा रहे हैं पीतल के आईआईए हैंडीक्रॉफ्ट्स डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस समय अधिकतर पूजा के आइटम ही पीतल के बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य हस्तशिल्प उत्पादों में नाम मात्र का पीतल इस्तेमाल किया जाता है। अगर ऐसे ही पीतल का दाम बढ़ता रहा तो आने वाले समय में चार से पांच प्रतिशत ही पीतल के उत्पाद बनाए जाएंगे। पीतल के उत्पाद के ऑर्डर बहुत ही कम मिल रहे हैं।

10437 करोड़ रुपये का होता है निर्यात- जिला उद्योग केंद्र के अनुसार मुरादाबाद से हर साल 10437 करोड़ रुपये के हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात किया जाता है। हालांकि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने की वजह से इस साल मुरादाबाद का निर्यात 40 प्रतिशत तक घट गया है। निर्यातकों ने बताया कि पीतल के दाम बढ़ने की वजह से इससे बने हस्तशिल्प उत्पाद के ऑर्डर न के बराबर मिल रहे हैं जबकि शीशे और लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद के ऑर्डर मिल रहे हैं। करीब 10 प्रतिशत निर्यातक शीशे और लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात करते हैं।

10 साल से पीतल के दाम बढ़ रहे हैं। हस्तशिल्प उत्पाद को लेकर चाइना से कंप्टीशन बढ़ गया है। इसलिए पीतल से बनने वाले सामान को एल्युमिनियम और लोहे से बनाया जा रहा है। पीतल की अपेक्षा एल्युमिनियम में लाइटवेट ज्यादा हैं। एल्युमिनियम के सामान पीतल के आधे दाम में बन जा रहे हैं। खरीदार भी इसे खूब पसंद कर रहे हैं। - विभोर गुप्ता, संचालक, डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड

पीतल के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। अगस्त में पीतल का दाम 550 रुपये प्रति किलो था जो आज बढ़कर 655 रुपये हो गया है। पीतल के प्रतिदिन दाम बढ़ रहे हैं। पीतल से उत्पाद तैयार कर बेचना काफी मुश्किल हो गया है। पीतल के सामान के ऑर्डर भी कम मिल रहे हैं। मल्टीपर्पज प्रयोग होने वाले पीतल के हस्तशिल्प उत्पाद बायर खरीद रहे हैं। - लक्ष्य अग्रवाल, पार्टनर, जेएमडी इंटरनेशनल

पीतल के दाम पर कोई कंट्रोल नहीं है। हस्तशिल्प उत्पाद के निर्यात को लेकर चाइना समेत अन्य देशों के साथ कंप्टीशन ज्यादा है। बायर चाहते हैं कि उन्हें सस्ते में सामान मिले। पीतल के दाम बढ़ने से हस्तशिल्प उत्पाद में एल्युमिनियम और लोहे का उपयोग करना निर्यातकों की मजबूरी है।

हालांकि जरूरी सामान को पीतल का ही बनाकर निर्यात किया जा रहा है। -विकास अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट, मुरादाबाद एसईजेड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन

पाउडर कोटिंग और पीयू फिनिश के बाद बेस मेटल का अंतर लगभग समाप्त हो जाता है। वहीं, लागत के स्तर पर पीतल और वैकल्पिक धातुओं के बीच 50 प्रतिशत से अधिक का अंतर है। चीन से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बाजार की मूल्य संवेदनशील परिस्थितियों ने निर्यातकों को एल्युमिनियम, लोहा और फ्यूजन मैटेरियल की ओर बढ़ने के लिए विवश किया है। -जेपी सिंह, चेयरमैन, यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी (यस)

संक्षिप्त समाचार

जमीन के विवाद में फायरिंग, कांग्रेस नेता सचिन चौधरी गिरफ्तार, रिश्तेदारों के साथ हुआ झगड़ा

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी को मारपीट मामले में गिरफ्तार किया गया है। जमीन की जोताई को लेकर रिश्तेदारों से विवाद हो गया था। पुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज किया है।भोजपुर थानाक्षेत्र के आंवला घाट में बुधवार की दोपहर करीब पौने तीन बजे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने अपने गार्ड के साथ मिलकर साले-बहनोई पर फायरिंग कर दी। साले-बहनोई ने भागकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दे दी।पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सचिन चौधरी और उनके गार्ड अत्यंत सिंह को हिरासत में ले लिया और रायफल बरामद कर ली। पुलिस ने जानलेवा हमले में प्राथमिकी दर्ज कर सचिन चौधरी और अत्यंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।भोजपुर थानाक्षेत्र के जैतपुर निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उनके बहनोई अमरोहा के कालाखेड़ा निवासी पवन कुमार और पाकबड़ा के सुपरटेक कॉलोनी निवासी एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने दिल्ली निवासी कारोबारी की आंवला घाट स्थित 156 बीघा जमीन खरीदी थी। कुलदीप का आरोप है कि जमीन खरीदने के कुछ दिन बाद ही सचिन चौधरी ने पूरी जमीन को अपना बताना शुरू कर दिया था। इस मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन के पास तक पहुंची तो जमीन की पैमाइश करा दी गई थी। कुलदीप का दावा है कि पवन को 78 बीघा और सचिन को 78 बीघा जमीन दे दी गई थी। बुधवार को कुलदीप सिंह और पवन कुमार जमीन की जोताई कराने गए थे। इसी जानकारी मिलने पर सचिन चौधरी अपने गार्ड रामपुर के शाहबाद थानाक्षेत्र के मंगोली निवासी अत्यंत सिंह के साथ पहुंच गए। उन्होंने जोताई का विरोध शुरू कर दिया और कुलदीप और पवन के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। साले-बहनोई के विरोध करने पर सचिन ने अपने गार्ड की रायफल से फायरिंग शुरू कर दी। कुलदीप और पवन अपनी जान बचाने को मौके से भाग निकले और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने सचिन चौधरी और अत्यंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला और अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बृहस्पतिवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

निर्दोष को भेजा जेल: तत्कालीन सीओ समेत 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट के आदेश

चंदौसी में दूधिये से हुई लूट के मामले में जांच में अनियमितता पाए जाने पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तत्कालीन सीओ, थाना प्रभारी समेत 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके अलावा तीन दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहा है।चंदौसी थाना बहजोई क्षेत्र में वर्ष 2022 में दूधिये के साथ हुई लूट के खुलासे में अनियमितता बरतने पर अदालत ने तत्कालीन सीओ, थाना प्रभारी समेत 13 पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और तीन दिन में सूचना कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।25 अप्रैल 2022 को दुर्वेश निवासी ग्राम अर्जुनपुर जूना थाना बहजोई अपने गांव से दूध लेकर बहजोई आया था। दोपहर करीब एक बजे दूध का भुगतान एक लाख रुपये लेकर अपने गांव वापस जा रहा था। बाइक सवार दो व्यक्ति उसकी बाइक में लटका रुपयों से भरा थैला लूटकर ले गए।इस मामले में थाना बहजोई पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। जिसकी विवेचना तत्कालीन एसएचओ पंकज लवानिया ने की। कुछ समय बाद विवेचना तत्कालीन निरीक्षक अपराध राहुल चौहान को सौंप दी गई। अदालत ने माना कि एक षडयंत्र के तहत पुलिस ने लूट की घटना में ओमवीर को शामिल दिखाकर चालान कर जेल भेज दिया गया। पीड़ित ओमवीर ने अदालत को बताया कि वह 11 अप्रैल 2022 से 12 मई 2022 तक जिला कारागार बदायूं में निरुद्ध था। वह 12 मई 2022 को जेल से बाहर आया। इस मामले में पुलिस ने 12 जुलाई 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। स्पष्ट है कि जब वह जिला कारागार बदायूं में बंद था, तब उक्त घटना को कैसे कारित कर सकता था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

इंस्पेक्टर को धमकाने का आरोपी तौफीक प्रधान हवालात से लंगड़ाते निकला

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। खुद को बसपा नेता बताकर इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय को फोन कॉल पर धमकाने के आरोपी हिस्ट्रीशीटर तौफीक प्रधान को बारादरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तमंचा-कारतूस की बरामदगी कर पुलिस ने उसकी कायदे से खबर ली। हवालात से लंगड़ाते निकले तौफीक का चालान कर दिया गया।

तौफीक प्रधान फतेहगंज पूर्वी से आकर शहर के बारादरी इलाके की पशुपति विहार कॉलोनी में बस गया है। उसने हाल ही में बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय को फोन कॉल पर हड़काने की कोशिश की थी। इसकी रिकॉर्डिंग भी वायरल हुई थी। बताते हैं कि तकरार का ऑडियो खुद तौफीक ने ही वायरल किया था। इसके बाद बुधवार को बारादरी पुलिस ने तौफीक प्रधान को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसका लंगड़ाते हुए वीडियो जारी किया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पशुपति विहार में पुलिस गश्त कर रही थी, तभी तौफीक प्रधान अलाव सेंकते मिला। पूछताछ करने पर वह अभद्रता करने लगा। तलाशी में उसके पास से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर तौफीक का चालान कर दिया गया। तौफीक फतेहगंज पूर्वी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वह कई बार जेल जा चुका है।

तौफीक ने इंस्पेक्टर के साथ हुई झड़प के ऑडियो का इस्तेमाल कर वीडियो बनाया और इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया। तौफीक की इंस्टाग्राम आईडी पर एक और वीडियो डाला गया है। इसमें डायलॉग लगा है कि होगा पावरफुल...हमने बड़ों-बड़ों के पावर ढीले कर दिए। कमिश्नर इस इलाके में एक ही आदमी पावरफुल है। तौफीक की वीडियो वायरल हो रही हैं ।

बरेली में क्रिसमस महोत्सव में नृत्य-नाटिका, कैरल्स , विशेष बच्चों की प्रस्तुति ने जीत लिया सबका दिल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी अलग पहचान बनाने वाला क्रिसमस महोत्सव न सिर्फ बरेली बल्कि आसपास के जिलों और उत्तराखंड के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता चला आ रहा है। अति मान्यवर बिशप डॉ इग्नीशियस डिसूजा के मार्गदर्शन और मान्य फादर रॉयल एन्थनी की कड़ी मेहनत और डाईसेज के अन्य फादर्स के परिश्रम से यह क्रिसमस महोत्सव हर वर्ष अपने में नयापन लाता है।

कैंट क्षेत्र स्थित बिशप कॉनराड जूनियर विंग स्थित सेंट अल्फोंसस चर्च में दो दिवसीय क्रिसमस महोत्सव शुरू हो गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह, बरेली कन्टोन्मेंट बोर्ड की सीईओ डॉ तनु जैन, उमेश गौतम मेयर बरेली और धर्माध्यक्ष कैथोलिक धर्म प्रांत बरेली अति मान्यवर डॉ. इग्नेशियस डिसूजा, इस क्रिसमस महोत्सव के मुख्यातिथि रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य और स्कूल्स ऑफ़ कैथोलिक डाईसेज के शिक्षा निदेशक फादर रॉयल एंथोनी के नृत्यनाटिका आशा के तीर्थयात्री और मिरिकिल ने लोगों को अपनी और आकर्षित किया। कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक प्रस्तुत किए गए, जो प्रभु यीशु की महिमा, दुनिया भर में शांति आदि पर आधारित थे। उत्सव में बच्चों ने क्रिसमस कैरल्स से वातावरण को संगीतमय औरभक्तिमय बना दिया।

उम्मीद (एक नया सवेरा), भगवान की महिमा, बालिका-सशक्तिकरण, बदलाव की शुरुआत मुझसे, शिक्षा के साथ सशक्त होना, कल्याण ही समृद्धि है, युवा-नैतिकता, महिला विश्व कप, प्रभु यीशु के चमत्कार, भूख धरती की सबसे ऊंची और गहरी खामोशी है आदि की प्रस्तुतियों के जरिये समाज को दया, करुणा, शान्ति, प्रेम, शिक्षा और समानता की प्रेरणा दी गई। वही मदर टेरेसा मेमोरियल स्कूल फ़ॉर विजुअल एंड हियरिंग इम्पयरेड चिल्ड्रेन की प्राचार्य सिस्टर रीना के संकेतों पर विशेष बच्चों के नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। इन बच्चों के द्वारा संकेतों से गाय गए भाव-भंगिमा युक्त राष्ट्रगान से महोत्सव का समापन हुआ। परंपरा को आधुनिकता की आवश्यकता, आशा व जीवन-रक्षा, दुनियाभर में शान्ति, भारत में महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आदि पर कई स्कूलों के बच्चों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहीं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चर्च के बाहर किया हनुमान चालीसा का पाठ

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार रात सेंट अल्फोंसा चर्च के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बजरंग दल की ओर से पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया।

बरेली में शिक्षा, सुशासन और राष्ट्रवाद पर हुई विचार गोष्ठी , मालवीय,अटल के जीवन पर चर्चा की गई

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जीआईसी ऑडिटोरियम में गुरुवार को शिक्षा, सुशासन और राष्ट्रवाद विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर लोगों ने विचार रखे। वक्ताओं ने आज के समय में शिक्षा को संस्कृति से जोड़ने पर बल दिया। कहा कि भारतीय मूल्य पर आधारित शिक्षा ही सुशासन को लाएगी और यही लोगों के अंदर राष्ट्रवाद का जज्बा पैदा करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के सदस्यों द्वारा तुलसी माता की पूजा अर्चना की गई

क्यूँ न लिखूँ सच / शेर सिंह/ हिंदू मान्यता के अनुसार तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी माता की विधि-विधान से पूजा करने पर भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कृपा एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है एवं नकारात्मकता दूर होती है. इसी क्रम में आज बरेली जिले के थाना भुता क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगनापुर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के सदस्यों द्वारा तुलसी माता की पूजा अर्चना की गई। तुलसी पूजन कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष अजय पटेल द्वारा तुलसी माता को चुनरी ओढ़ाकर किया गया, इस अवसर पर रोहिलखंड मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह पटेल, ग्राम प्रधान अमित पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष कमल किशोर, ब्लॉक उपाध्यक्ष योगेश कुमार, ब्लॉक मंत्री राजबाबू, विमल, प्रिंस कुमार शर्मा,संजय कुमार, रचित गंगवार, मनोज कुमार, सुरजीत कुमार सहित ग्राम पंचायत वासी उपस्थित रहे।

दो बहनों ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान हुई मौत; कुत्ते की बीमारी के चलते थीं तनाव में

लखनऊ के पारा इलाके में दो सगी बहनों ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक दोनों बहनों मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थीं। लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के जलालपुर दौदाखेड़ा कॉलोनी में बुधवार को दो सगी बहनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन दोनों को आनन-फानन में पास के रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात दोनों बहनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया।इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार मृतक बहनों की पहचान राधा (25) और जिया उर्फ शानू (22) के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों बहनें मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और बीते कई दिनों से डिप्रेशन में चल रही थीं। परिजनों के मुताबिक घर में पाले गए कुत्ते की हालत लगातार खराब रहने के कारण दोनों बहनें काफी तनाव में थीं और इसी वजह से मानसिक रूप से और ज्यादा परेशान रहने लगी थीं। बुधवार दोपहर अचानक दोनों बहनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया और माँ को आवाज लगाकर जानकारी दी,कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि वहां इलाज के दौरान देर रात दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। परिवार में माता गुलाबा देवी, पिता कैलाश चौहान और एकलौता भाई नीरज है। एक साथ दो बेटियों की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

बहुत ही आनंद मय एवं भव्यमय हुआ तुलसी पूजन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। तुलसी पूजन दिवस परम पूज्य संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से बरेली शहर में बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूज्य बापू द्वारा यह तुलसी पूजन का कार्यकम 2014 से पूरे विश्व में हो रहा है।

तुलसी पूजन दुनिया भर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम सिविल लाईन पैट्रोल पंप के सामने मेन रोड पर सम्पन हुआ इस कार्यकम में पूज्य संत आशाराम बापू के द्धारा संचालित महिला उत्थान मडंल बरेली, युवा सेवा संघ बरेली,श्री योग वेंदात सेवा समिती बरेली, बाल संस्कार विभाग बरेली व पूज्य गुरूदेव से मंत्र दीक्षित हजारो साधको के द्धारा सम्पन हुआ। कार्यकम मेन रोड रोड से चलते हुए हजारो सनातनियो ने तुलसी माता का पूजन परिक्रमा आरती की और तुलसी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया । बरेली आश्रम संचालक भानु प्रकाश ने सभी साधकों का सहयोग के लिया सभी का आभार व्यक्त किया ।

लल्ला गद्दी माफिया घोषित, अशरफ के करीबी की अब कड़ी निगरानी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले सद्दाम के करीबी मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी को माफिया घोषित कर दिया है।

लल्ला गद्दी पर कई गंभीर आपराधिक मुकदमे अलग अलग थानों में दर्ज हैं। प्रशासन ने उसकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार बारादरी न चक महमूद नगर, काकर टोला निवासी मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी पुत्र अहमद अली पर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए मारपीट, गाली-गलौज और रंगदारी की मांग और हत्या जैसे मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक बिथरी चैनपुर की आख्या के आधार पर लल्ला गद्दी को जनपद स्तर पर माफिया चिन्हिकरण संख्या म-15/2025 के तहत दर्ज किया गया है। थाना बिथरी चैनपुर में उसे 'अपराध माफिया' की श्रेणी में रखते हुए उसकी गतिविधियों पर चौबीसों घंटे निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि माफिया घोषित होने के बाद उसकी संपत्ति, आर्थिक स्रोतों और नेटवर्क की भी गहन जांच की जाएगी।

सुशासन दिवस पर याद किए गए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, गरीबों में बांटे गए कंबल रजाई

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के शताब्दी वर्ष पर जन्मदिन के मौके पर फ्लावर शो प्रकृति के सौंदर्य से रूबरू हुए बरेली यंश साथ ही समाज रत्न सम्मान से सम्मानित हुए समाजसेवी और निर्धनों को सर्दी के बचाव में रजाई कंबल बांटे गए

थाना इज्जतनगर क्षेत्र स्थित खण्डेलवाल कॉलेज में वृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

कॉलेज परिसर को आस-पास के गांवों से तीन सौ दिव्यांग, कमजोर ग्रामीणों को सर्दी से बचने के लिए रजाई कंबल बांटकर , भोजन भी करवाया।

इस मौके संस्था के अध्यक्ष गिरधर गोपाल के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। गिरधर गोपाल ने बताया कि संस्था पिछले 24 वर्षों से यह लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम से हम समाज में विद्यार्थियों के लिए समाज सेवा करने की प्रेरणा में जागरूकता बढ़ाते हैं ,

हरे भरे परिसर में लगी पुष्प प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस व विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम व जागरूकता बढ़ाते हैं। इस दौरान फ्लावर शो में प्रकृति से रूबरू हुए ,लोगों ने बर्फीले मौसम में प्रकृति के सौन्दर्य का फूलों के साथ और सेवा करके दिन बिताया। इस मौके पर प्रमुख अतिथियों में डॉ अरुण कुमार वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश एवं अति विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार, संजीव अग्रवाल विधायक कैंट, रश्मि पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रतिष्ठित समाजसेवी मौजूद रहे। संस्था की ओर से अतिथियों का स्वागत चेयरमैन गिरधर गोपाल प्रबंध निदेशक डॉ विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार, प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह देवेंद्र खण्डेलवाल इंजीनियर प्रेम प्रकाश गुप्ता आदि शामिल रहे।

एक ही परिवार के सात लोगों को उम्रकैद, जमीन के विवाद में की थी किसान की हत्या

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या तीन) अभि श्रीवास्तव ने शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी किसान सुरेंद्र पाल सिंह की हत्या में दोषी उनके तहेरे भाई सुखदेव, वेद प्रकाश समेत एक ही परिवार के सात लोगों को आजीवन कारावास और 55-55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जमीन को लेकर चल रहे विवाद में 19 मई 2021 को दावत से लौटते वक्त सरेशाम कुल्हाड़ी और हथौड़े से हमला कर सुरेंद्र की हत्या कर दी गई थी।

जसपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चाचा सुरेंद्र 19 मई 2021 को शाम छह बजे गांव के थान सिंह राजपूत के घर से दावत खाकर लौट रहे थे। रास्ते में सुरेंद्र के तहेरे भाई सुखदेव, वेद प्रकाश, धर्मेंद्र, मुनेंद्र, जितेंद्र (तीनों वेद प्रकाश के बेटे), सुखदेव के बेटे रवि व संजीव ने उनको रास्ते में घेर लिया। सुरेंद्र पर तलवार, कुल्हाड़ी, हथौड़े से हमला कर दिया और फायरिंग करते हुए भाग गए। परिजन सुरेंद्र को शेरगढ़ सीएचसी ले गए। वहां से जिला अस्पताल ले जाते समय सुरेंद्र की रास्ते में मौत हो गई। जसपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके चाचा सुरेंद्र 19 मई 2021 को शाम छह बजे गांव के थान सिंह राजपूत के घर से दावत खाकर लौट रहे थे। रास्ते में सुरेंद्र के तहेरे भाई सुखदेव, वेद प्रकाश, धर्मेंद्र, मुनेंद्र, जितेंद्र (तीनों वेद प्रकाश के बेटे), सुखदेव के बेटे रवि व संजीव ने उनको रास्ते में घेर लिया। सुरेंद्र पर तलवार, कुल्हाड़ी, हथौड़े से हमला कर दिया और फायरिंग करते हुए भाग गए। परिजन सुरेंद्र को शेरगढ़ सीएचसी ले गए। वहां से जिला अस्पताल ले जाते समय सुरेंद्र की रास्ते में मौत हो गई।

विवेचना के बाद पुलिस ने 17 अगस्त 2021 को चार्जशीट दाखिल कर दी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 11 गवाह पेश किए। सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने 18 दिसंबर को सुखदेव, वेदप्रकाश, धर्मेंद्र, मुनेंद्र और जितेंद्र को दोषी करार दिया था। रवि और संजीव कोर्ट में पेश नहीं हुए तो दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। 22 दिसंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने रवि और संजीव को भी दोषी करार दिया। कोर्ट ने बुधवार को सातों दोषियों को उम्रकैद और 55-55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

चार बीघा जमीन पर 20 साल से थी रार- चार बीघा जमीन को लेकर सुरेंद्र और सुखदेव के बीच 20 साल से ठनी थी। कई बार मारपीट भी हुई। पांच मुकदमे भी लिखे गए, लेकिन विवाद सुरेंद्र की मौत के बाद भी नहीं निपटा। सुरेंद्र की हत्या का दोषी उसका तहेरा भाई सुखदेव पेशे से वकील है। सुरेंद्र की किच्छा नदी के पास चार बीघा जमीन थी। नदी की धारा बदलने पर यह जमीन बाहर आ गई। सुरेंद्र के तहेरे भाई सुखदेव ने उस पर कब्जा कर लिया। कुछ अन्य लोगों की जमीन भी उसने जोत ली थी। सुखदेव वकालत के पेशे से जुड़ा था। ऐसे में सुरेंद्र की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने देता था।

सुरेंद्र और उसके भाई महेंद्र ने बार काउंसिल ऑफ यूपी में सुखदेव का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की मांग भी की थी। अन्य लोग भी सुखदेव की शिकायत करते रहे। इस दौरान वर्ष 1997, 2007, 2010, 2020 और 2021 में दोनों पक्षों में संघर्ष के बाद मुकदमे दर्ज हुए। गांव के सात अन्य लोगों की जमीन भी सुखदेव जोत रहा था। ये लोग भी शिकायतें कर रहे थे। इसके बावजूद सुखदेव के रसूख के चलते उनकी जमीन कब्जा मुक्त नहीं हो सकी। इसी विवाद में सुरेंद्र की हत्या कर दी गई।

मिशन ग्लोबल अकैडमी सिंधौरा रिछा में वार्षिक समारोह में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं का प्रदर्शन कर हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / देवरनिया। मिशन ग्लोबल अकैडमी सिंधोरा रिछा में बुधवार को वार्षिक समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिछा चेयरपर्सन कैसर जहां,बहेड़ी चेयरपर्सन रश्मि जायसवाल एवं दमखोदा ब्लॉक प्रमुख स्नेहलता गंगवार तथा विद्यालय संरक्षक आर के सक्सेना के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह की शुरुआत छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से की। स्वागत गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने नृत्य प्रोग्राम एवं लघु नाटकों की प्रस्तुति की। जिसमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्कूल नहीं जाना, चल जीते हैं हम,चले हवाएं, लेजी डांस, कल्चरल डांस, इंग्लिश नाटिका %सक्सेस% एवं कसौटी जिंदगी की अत्यंत सराहनीय रहीं।मुख्य अतिथि दमखोदा ब्लॉक प्रमुख श्रीमती स्नेहलता गंगवार ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के गुरु मंत्र बताए। चेयरपर्सन श्रीमती रश्मि जायसवाल ने बच्चों को अपने माता-पिता के सम्मान के प्रति वचनबद्ध रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि माननीय अतुल गर्ग जी ने छात्रों को लगातार प्रयत्न? करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन श्री जितिन कुमार सक्सेना ने सबको धन्यवाद देते हुए किया। यह वार्षिक समारोह न केवल छात्र/ छात्राओं के लिए एक मंच था जबकि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक यादगार अवसर बन गया,जिसने स्कूल के प्रति विश्वास और उत्साह बनाया है। मिशन ग्लोबल अकैडमी के संरक्षक आर के सक्सेना ने सभी छात्र/छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बी के कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोहम्मद मोबीन मलिक, निर्देशक अमित देओल, हरीश कुमार, विपिन सिंह, ऋषभ कुमार, मोहम्मद असलम, रामेंद्र , सत्यपाल ,सूरजपाल, गीता कश्यप, राफिया , सिदरा , मुस्कान,जेबा, शाजिया ,अनामिका सक्सेना, अनम, लता गंगवार, रुचि शर्मा, काजल गंगवार ,नेहा गंगवार एवं आशुतोष वर्मा उपस्थित रहे।

प्रसव पूर्व अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण हुई प्रसूता की मृत्यु, उपचार में नहीं बरती गई लापरवाही

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा/ शिवपुरी, ब्यूरो/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर से जिला चिकित्सालय शिवपुरी में गतदिवस रैफर होकर आई ग्राम नयाविनेगा निवासी श्रीमती केशा आदिवासी पत्नी श्री ओमप्रकाश आदिवासी की प्रसव पूर्व अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण प्रसूता की मृत्यु हुई, प्रसूता के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई।_ सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.एल. यादव ने बताया कि भर्ती के समय प्रसूता को अत्यधिक रक्तस्त्राव एवं अत्यधिक खून की कमी (4.8 ग्राम) के कारण प्रसूता को अर्धचैतन्य अवस्था में 80 प्रतिशत ऑक्सीजन के साथ भर्ती किया गया था, तत्पश्चात उपस्थित चिकित्सकों डॉ.निक्की मिश्रा एवं डॉ. नीरजा शर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ ने चिकित्सकीय पेशा/प्रोटोकॉल के अनुसार मरीज के रक्तचाप को बढ़ाना, ऑक्सीजन की सप्लाई एवं बहते हुए खून हो रोकने के लिए भरसक प्रयास किये, किन्तु प्रसव पूर्व अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण प्रसूता की मृत्यु हो गई एवं यह सही नहीं है कि उपस्थित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ के द्वारा श्रीमति केशा आदिवासी का उपचार नहीं किया गया और न यह कि नर्सिंग स्टाफ के द्वारा डांटना/फटकारना जैसा कोई वाक्यान हुआ। साथ ही प्रसूता की लगातार हालत बिगड़ने की वजह पूर्व से ही अत्यधिक रक्तस्त्राव एवं खून की कमी रहा है। यह सही नहीं है कि चिकित्सकों को बुलाना पड़ा, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ अपनी ड्यूटी पर फ्लोर पर मौजूद थे। प्रसूता के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई। मृत्यु का सही कारण जानने के लिये प्रसूता के पोस्टमार्टम की राय दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय शिवपुरी के लेवर रूम में 08 माह के गर्भ के साथ एवं योनि से रक्त बहने के कारण भर्ती किया गया। इस समय प्रसूता के बच्चे की धड़कन नहीं थी एवं अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण खून 4.8 ग्राम रह गया था तथा प्रसूता अर्धचैतन्य अवस्था में पहुंच गई थी। जिसका ऑक्सीजन लेबल 80 प्रतिशत रह गया था, तत्काल ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रसूता की हालत के विषय में उनके परिजनों श्रीमती महादेवी (भाभी) एवं श्रीमति मीना (माँ) को लिखित तौर पर अवगत कराते हुये, उपचार शुरू किया गया। इस समय प्रसूता का बीपी गिर रहा था। तत्पश्चात ढ्ढ/ङ्क स्न्नद्यह्वद्बस्र देकर बीपी बढ़ाने के प्रयास किये गये एवं आवश्यक दवाएं दी गई। इसके साथ ऑक्सीजन दी गई एवं रक्त रोकने हेतु दवाएं भी दी गई, किन्तु अत्यधिक रक्तस्त्राव एवं खून की कमी (4.8 ग्राम) के कारण प्रसूता की मृत्यु 24 दिसम्?बर को प्रात: 01:30 बजे हो गई और पूर्ण परीक्षण के पश्चात 01:40 बजे पर प्रसूता को मृत घोषित कर दिया गया।

70 साल के जाहिद की शर्मनाक करतूत: छह साल की बच्ची को दुकान में ले गया, फिर गंदी हरकत, सुन लोगों का खून खौला

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम बैंड बाजे की दुकान में 70 वर्षीय जाहिद ने छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची ने मां को आपबीती सुनाई तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी जाहिद को गिरफ्तार कर लिया है।सिविल लाइंस में रहने वाली पीड़ित बच्ची की मां कांठ रोड स्थित चौराहे के पास फास्ट फूड के ठेले पर काम करती है। कभी कभी उसकी छह साल की बेटी भी उसके साथ ठेले पर आ जाती है। ठेले के पास ही सिविल लाइंस के अगवानपुर तारों वाला कुंआ निवासी जाहिद (70) की पंजाब बैंड नाम से दुकान है।बुधवार शाम करीब चार बजे बच्ची खेलते हुए जाहिद की दुकान के पास पहुंच गई। इसी बीच आरोपी ने बच्ची को दुकान के अंदर बुला लिया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म भी किया। इसी बीच बच्ची दुकान से निकल कर फास्ट फूड की दुकान पर पहुंच गई और अपनी मां को आपबीती सुनाई। ,बच्ची की बात सुनकर उसकी मां और ठेला स्वामी व अन्य ग्राहक व लोग भड़क गए। वह आरोपी की तलाश में दुकान में पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मां बेटी को थाने ले गई। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर आरोपी जाहिद के खिलाफ छेड़खानी, दुष्कर्म में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी जाहिद को गिरफ्तार कर लिया

संक्षिप्त समाचार

थाना नरवर पुलिस द्वारा बलात्कार के अपराध में कार्यवाही करते हुए आरोपी संजय कुशवाह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया।

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा/ शिवपुरी- ब्यूरो। थाना नरवर पर फरियादिया मीना ओढ पत्नी ईदल सिंह ओढ उम्र 40 साल नि. दीनदयालनगर नरवर द्वारा अपनी पुत्री के घर से बिना बताये चले जाने के संबंध में दिनांक 16.11.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी उक्त रिपोर्ट पर से गुमइंसान कायम कर जांच मे लिया गया दौराने जांच गुमशुदा पीडिता को दिनांक 19.12.25 को दस्तयाब किया गया बाद दस्तयाबशुदा पीडिता के कथन के आधार पर दिनांक 19.12.25 आरोपी संजय कुशवाह पुत्र गोविन्ददास कुशवाह उम्र 19 साल नि. पारवाली माता के पास नरवर के खिलाफ अप. क्रं. 277/25 धारा धारा 64 (2) एम, 127(4), 351(3), 87, 115(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं श्री आयुष जाखड़ एसडीओपी करैरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरवर श्री विनय यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी संजय कुशवाह पुत्र गोविन्ददास कुशवाह उम्र 19 साल नि. पारवाली माता के पास नरवर को आज दिनांक 25.12.25 को गिरफ्तार कर आरोपी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया। सराहनीय कार्यवाही :- निरीक्षक विनय यादव, उनि जूली तोमर, सउनि राधाकृष्ण बंजारा, प्रआर, 201 सुनील भार्गव, प्र.आर. 255 हरिकृष्ण यादव आर. 400 परिमाल आर. 778 रामबीर बघेल, आर. 248 भोला राजावत, आर. 784 गजेन्द्र जाटव आर. 426 नरेन्द्र मोर्य, आर.815 माधी सिह, आर. अवधेश भारद्वाज, आर. गौरव जाट, आर. 684 अजय गुर्जर, आर. 622 दीपक, आर. 248 भोले सिह म.आर. कीर्ति मौर्य की सराहनीय भूमिका रही।

भारत 2026 में बनेगा किम्बर्ली प्रोसेस का अध्यक्ष, जयशंकर बोले- अंतरराष्ट्रीय हीरे व्यापार में बढ़ेगा भरोसा

भारत 2026 में संयुक्त राष्ट्र समर्थित किम्बर्ली प्रोसेस का अध्यक्ष बनने जा रहा है। इस बात को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत का अध्यक्ष बनना देश की हीरे के वैश्विक व्यापार में नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। भारत के लिए साल 2026 कई मायनों में खास रहने वाला है। इसकी शुरुआत तब हो गई जब भारत 2026 से संयुक्त राष्ट्र समर्थित किम्बर्ली प्रोसेस (केपी) का अध्यक्ष चुना गया। ऐसे में अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का 2026 से संयुक्त राष्ट्र समर्थित किम्बर्ली प्रोसेस (केपी) का अध्यक्ष चुना जाना देश की अंतरराष्ट्रीय हीरे के व्यापार में नेतृत्व क्षमता का संकेत है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि भारत का यूएन-समर्थित किम्बर्ली प्रोसेस का अध्यक्ष चुना जाना खुशी की बात है।उन्होंने आगे कहा कि यह हीरे के व्यापार में भारत की वैश्विक भूमिका और सुधारों के जरिए सहमति बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, भारत 25 दिसंबर 2025 से उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेगा और 1 जनवरी 2026 से अध्यक्ष बनेगा। यह भारत के लिए किम्बर्ली प्रोसेस में तीसरी बार अध्यक्ष बनने का अवसर होगा।क्या है किम्बर्ली प्रोसेस?- बता दें कि किम्बर्ली प्रोसेस एक तीन-तरफा पहल है जिसमें सरकारें, अंतरराष्ट्रीय हीरे की इंडस्ट्री और सिविल सोसाइटी शामिल हैं। इसका उद्देश्य %संघर्ष हीरे% के व्यापार को रोकना है। संघर्ष हीरे वे हीरे हैं जो विद्रोही समूहों या उनके सहयोगियों द्वारा युद्ध या अस्थिरता को वित्तीय मदद देने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि भारत का चयन मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय व्यापार में पारदर्शिता और ईमानदारी पर वैश्विक भरोसा दर्शाता है। किम्बर्ली प्रोसेस में भारत की भूमिका- भारत 2026 में किम्बर्ली प्रोसेस (चक्क) का अध्यक्ष बनने के बाद कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें सबसे पहले शासन और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही भारत डिजिटल सर्टिफिकेशन और हीरों की ट्रेसबिलिटी को बढ़ावा देगा। ,इसके अलावा, केपी के तहत डेटा आधारित निगरानी के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, ताकि हीरों के व्यापार में भरोसा मजबूत हो सके। भारत का लक्ष्य यह भी है कि संघर्ष-रहित हीरों में उपभोक्ताओं का विश्वास और बढ़ाया जाए। साथ ही, भारत चक्क को एक और अधिक समावेशी और प्रभावी बहुपक्षीय मंच बनाने की दिशा में काम करेगा, जिससे सभी प्रतिभागियों और पर्यवेक्षकों का भरोसा मजबूत होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से भारत की अंतरराष्ट्रीय हीरे के व्यापार में स्थिति और विश्वसनीयता दोनों बढ़ने की उम्मीद है। 2003 से लागू है किम्बर्ली प्रोसेस सर्टिफिकेशन स्कीम- गौरतलब है कि किम्बर्ली प्रोसेस सर्टिफिकेशन स्कीम (केपीसीएस) 1 जनवरी 2003 से लागू है और यह वैश्विक कच्चे हीरे के व्यापार का 99 प्रतिशत से अधिक नियंत्रित करती है। इसे हीरे के व्यापार का सबसे व्यापक अंतरराष्ट्रीय तंत्र माना जाता है। वर्तमान में किम्बर्ली प्रोसेस में 60 सदस्य देश शामिल हैं, जिसमें यूरोपीय संघ और इसके सभी सदस्य देश एक साथ गिने जाते हैं।

पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई की हुई महत्वपूर्ण बैठक

राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी रहे बतौर मुख्य अतिथि मौजूद

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई की बुधवार को लोक निर्माण अतिथि गृह में पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। वहीं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी के खटीमा पहुंचने पर उपस्थित समस्त पत्रकारों ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वहीं इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ ने किया। वहीं खटीमा इकाई के अध्यक्ष विकासशील ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें सर्व सहमति से हरप्रीत सिंह को खटीमा इकाई का महासचिव, अमित कुमार को सचिव, मनजीत सिंह को सह सचिव, अरविंद कुमार व नदीम हुसैन को उपाध्यक्ष, नितेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता तथा सोनिया कुमारी को संरक्षक व ममता शील को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत करते हुए उनको शुभकामनाएं दी गई। वहीं राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव पद पर नियुक्त किए जाने की बात कही।

इस मौके पर नानकमत्ता इकाई के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अनिल सागर, सितारगंज इकाई के अध्यक्ष गुरदीप सिंह, क्राइम उत्तराखंड की संपादक रिंपी, टनकपुर से पहुंचे पत्रकार नवीन भट्ट, अरविंद कुमार तथा ममता शीला आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने की बात कही।

इस मौके पर पत्रकारों की समस्याओं, पत्रकारों की सुरक्षा, पत्रकार हितों, पत्रकारों के उत्पीड़न तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली तमाम चुनौतियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

इस मौके पर सितारगंज पत्रकार प्रेस परिषद के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ने कहा कि पत्रकार जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि समाज के उत्पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी पत्रकार की एक अहम भूमिका है। उन्होंने स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र और लोकतांत्रिक तरीके से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने जरूरत पड़ने पर संगठन को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

इसी क्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष विकासशील ने आज की बैठक को सफल बनाने हेतु उपस्थित समस्त पत्रकारों को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई को सभी पत्रकार साथियों के सहयोग एवं सुझाव से मजबूत और सशक्त बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह हर परिस्थिति में पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए कृत संकल्प हैं।

वहीं पत्रकार प्रेस परिषद भारत के राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड प्रदेश के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी ने बताया कि भारत पत्रकार परिषद खटीमा इकाई की एक महत्व पूर्ण बैठक लोक निर्माण विभाग खटीमा के अतिथि गृह में की गई।

उन्होंने बताया कि खटीमा इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकासशील द्वारा खटीमा कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों की घोषणा अध्यक्ष द्वारा कर दी गई है।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव गुलाटी ने अपने पत्रकारिता के जीवन के अनुभव, संघर्ष और योगदान को साझा करते हुए सभी पत्रकारों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य ईश्वर सिंह सहित कई सदस्यों ने भी नवगठित कार्यकारिणी को अपना सैद्धांतिक समर्थन दिया है।

उन्होंने कहा कि 21 जनवरी 2026 को दिल्ली में दो दिवसीय पत्रकार महासम्मेलन होने जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

इस सम्मेलन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित लगभग आधा दर्जन अन्य विभागों के मंत्री, प्रतिष्ठित साधु संत सहित लगभग 1000 से अधिक पत्रकार साथी में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद लगभग 19 राज्यों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है जिसमें लगभग 20000 से अधिक पत्रकार जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनवरी माह से पूरे भारत में पत्रकारों हेतु टोल फ्री की पहल चल रही है जिसका निर्णय अंतिम दौर में है।

वहीं जनवरी माह से पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना राहत कोष योजना शुरू किया जा रहा है जिसके तहत कैजुअल्टी की स्थिति में पत्रकारों के पीड़ित परिवारों को राहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे वह इकाई का सदस्य हो अथवा इकाई से बाहर का हो।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद अपने संगठन के पत्रकारों की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुशासनहीनता करने वालों के लिए संगठन में कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश में चल रहे पत्रकार परिषद प्रेस परिषद की इकाइयों का कार्य बेहद काबिले तारीफ और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उनके हितों को लेकर गंभीरता से मंथन किया गया है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में फर्जी पत्रकारों की आई बाढ़ को भी रोकने के लिए मंथन किया गया है

ताकि पत्रकारिता जगत में निष्पक्ष, स्वच्छ, ईमानदार और जिम्मेदार पत्रकार ही जुड़कर समाज व राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सकें।

इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, नदीम हुसैन, वैभव शील तथा उत्तम कुमार आदि वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरीक सिंह /बहराइच। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना मटेरा के अंतर्गत ग्राम झालाकला में चौपाल लगाकर थाना मटेरा जनपद बहराइच में उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निर्देशों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया... महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108.... Etc व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं *जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना,मातृ वंदना योजना,वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना . Etc व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। एंटी रोमियो टीम - उ0नि0 श्री विशाल जायसवाल उ0नि0 श्री शुभ नाथ यादव उ0नि0 श्री सुनील सिंह हे0कां0 दिग्विजय सिंह कां0 इंद्रेश कुमार म0आ0 निधि पासवान

सडीएम नानपारा ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बीएलओ व मतदाता के बीच सेतु की भूमिका का निर्वहन करे बीएलए

